हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 3 नवंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 कुरुद में स्थापित है प्रदेश का पहला छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर

12 अराध्य देव पर टिप्पणी से सिंधी समाज में आक्रोश


## खबर संक्षेप

### जिला ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 को

**कुरूद**। धमतरी जिला ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे पुराना मंडी कुरूद प्रांगण में रखी गई है। दीपावली मिलन समारोह के साथ अनेक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ने दी है।

### निशा का नवोदय में चयन

**नगरी**। नगरी विकासखंड की प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी की छात्रा निशा शेर पिता गजेन्द्र



शेर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद में हुआ है। निशा की इस उपलब्धि पर प्रधानपाठिका निरूपमा साहू तथा शिक्षिकाओं मालती सोम, ज्योति मरकाम एवं प्रीति ने हर्ष जताया है।

### खिसोरा में शिव महापुराण कथा 4 को, आज निकलेगी कलश यात्रा

**मगरलोड**। ग्राम खिसोरा में 4 से 10 नवंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।



अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के पुत्र पं. राघव मिश्रा सीहोर वाले होंगे। 3 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कुन्देश्वर मन्दिर से बूढ़ा भगत शीतला मन्दिर से बाजार चौक से होते आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। मंत्रोच्चार के साथ व्यास पीठ की स्थापना की जाएगी। 4 नवम्बर से दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा चलेगी। कार्यक्रम की तैयारी में सुमित्रा जागेश्वर साहू, देविक हरिश्वर साहू, युवराज साहू, योगराज साहू, गजाधर साहू, युवराज साहू, लोकेंद्र, देवेंद्र व खिसोरावासी जुटे हैं।

### विद्युत पेंशनर संघ का सम्मान समारोह 4 को

**धमतरी**। छग विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ धमतरी द्वारा विद्युत कंपनी की सेवा पूर्ण कर हर वर्ष सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारी को सम्मान किये जाने की परंपरा है। वर्ष 2025 में अब तक सेनि हुए अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान करने के लिए छग विद्युत कर्मचारी पेंशनर्स संघ द्वारा 4 नवंबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे पावर हाउस प्रांगण धमतरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। पेंशनर संघ के अध्यक्ष आरबी साहू एवं सचिव ओमन साहू ने बताया कि इस दौरान पेंशनर साथियों का जीवित प्रमाण-पत्र भरवाया जाएगा साथ ही पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन द्वारा विद्युत कंपनी प्रशासन से पत्राचार किया जायेगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पुल-पुलिया, रेलवे सहित आधारभूत विकास में अग्रणी है धमतरी : अजय चंद्राकर

# राज्योत्सव में दिखी 25 साल की विकास यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ के विकास की कहानी नजर आ रही है। अधिकांश विभागों ने पिछले कुछ साल की उपलब्धियों को फोकस करते हुए प्रदर्शनी रखी है। इसके अतिरिक्त स्टाल में योजनाओं का प्रचार भी किया जा रहा है। दोपहर से ही राज्योत्सव में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो देर रात चली।

1 नवंबर सन 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया। इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए हर साल 1 नवंबर को राज्योत्सव मनाया जाता है। इस साल जिला प्रशासन ने डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उमा शाला के खेल मैदान में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया है। विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। रविवार से ही इन प्रदर्शनियों में लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। स्टेज पर विभिन्न स्कूलों के






छात्र- छात्राओं के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दिन भर लोगों को कार्यक्रम स्थल में बांधकर रखा था। शाम को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने राज्योत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जिसके बाद कार्यक्रम की रौनक और बढ़ गई। अनुज राक बैंड, सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे के संगीतमय कार्यक्रम के साथ भजन और सूफी जैसी प्रस्तुति ने देर रात तक लोगों को बांधे रखा था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, इंदरचंद चोपड़ा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, वनमंडल अधिकारी श्रीकृष्ण जाधव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### अटल जी ने किया सपना साकार : नेहरूराम

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान अमूल्य रहा है। उनके निर्णय ने इस राज्य को नई पहचान और विकास की दिशा दी है। कार्यक्रम के आरंभ में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिलेवासियों को राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव हमारी विकास यात्रा का प्रतीक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आवास, कौशल विकास, अधोसंरचना और पर्यटन के क्षेत्र में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसके कारण धमतरी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

### हुआ शुभारंभ



कार्यक्रम का शुभारंभ कुरूद विधायक अजय चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों में विकास की नई परंपराओं की स्थापना हुई है। यह रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों और जनभागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धमतरी जिला आज शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, सड़क, पुल-पुलिया, रेलवे लाइन और आधारभूत ढांचे के विकास में अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने युवाओं से कौशल विकास और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### आज दिखेगी भीड़

सोमवार को राज्योत्सव में अच्छी भीड़ आने की उम्मीद है। इस दिन राहुल बैंड रायगढ़ व तरूणा साहू की पंडवानी होगी। सर गौरी शंकर श्रीवास्तव सेवा समिति, एक्जेक्ट फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। अंतिम दिन 4 नवंबर को दिल्ली के के साधो बैंड व ब्राइटन बैंड रायपुर की प्रस्तुति होगी। आमचो बस्तर नामक नाटक का प्रदर्शन एकलव्य आवासीय स्कूल पथर्रीडीह के छात्र करेंगे। सेजेस हटकेशर के आकाश गिरी गोस्वामी एवं अन्य लोगों द्वारा नशा मुक्त और सड़क सुरक्षा विषय पर प्रस्तुति दी जाएगी। स्कूली छात्र भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनी देखने पहुंचेंगे।

### प्रदर्शनियों ने मन मोह लिया







उद्यानिकी विभाग के पंडाल में 20 किग्रा के जिमीकंद की प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कृषि विभाग द्वारा160 प्रकार के धान की बालियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। स्टाल में 380 प्रकार के धान की जानकारी दी जा रही है। इसमें से औषधीय गुणों वाले धान पर विशेष फोकस किया जा रहा है। पीएचई द्वारा जल जीवन मिशन की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया कि अब तक कमार जनजाति के लोगों को पीने की पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। पीएचई द्वारा कमार बस्तियों में सोलरपंप लगाकर घर -घर कनेक्शन दिया गया है। अब उन्हें साफ पानी मिल रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम और सहकारिता विभाग ने धान खरीदी, पशुधन विकास विभाग ने एकीकृत पशुपालन की प्रदर्शनी लगाई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मसानडबरा में बने जनमन आवास योजना से कमारों की जीवनशैली में आए बदलाव पर प्रदर्शनी लगाई है।

# छिपली में युवक की चाकू मारकर हत्या

- गांव में फैली सनसनी, फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिपली में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, वहीं आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार छिपली गांव में किसी बात को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुयश उर्फ सन्नी लहरे उम्र 34 वर्ष पिता प्रभु लहरे निवासी छिपली के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है। युवक का शव पंचायत चौक के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरोपी ने किस हथियार से हमला किया, परंतु शव पर कई स्थानों पर चाकू के निशान पाए गए हैं। नगरी पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण आपसी विवाद प्रतीत हो रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। गांव में इस घटना के बाद भय और दहशत का माहौल है। पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गंगरेल पर्यटन में पचास से अधिक स्थानीय लोगों को मिला रोजगार

- वन प्रबंधन समिति की आय में हुई वृद्धि, कर्ज पटाने में हुई सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल पर्यटन जैसे-जैसे विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। यहां के पर्यटन पैकेज हर्बल मानववन, रिसोर्ट, मिनीगोवा गार्डन आदि में 50 से अधिक लोग नौकरी के माध्यम से अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। इधर सालों से घाटे में चल रही वन प्रबंधन समिति गंगरेल मरादेव की हालत में सुधार हुआ है।

एक दशक पहले जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयास से गंगरेल पर्यटन पैकेज के रूप में हर्बल मानववन का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटन के लिए गंगरेल पहुंचने वालों को औषधीय पौधों के प्रति जागरुकता एवं आयुर्वेदिक उपचार को बढ़ावा देना था। इसके लिए जमीन पर 30 फीट से अधिक बड़ी मानव आकृति बनाई गई और सिर के बाल से लेकर पैरों के नाखून तक अलग-अलग स्थान में ऐसे औषधि पौधे लगाए गए जो उस स्थान पर हुई बीमारी के उपचार में काम आते थे। इसके अलावा हर्बल पौधों के लिए अलग से गार्डन बनाया गया। जानकारी देने बकायदा गाइड की व्यवस्था की गई। मानव वन को और आकर्षित करने गार्डन, चिड़ियाघर, रेस्टोरेंट, एडवेंचर, वन्य पशु रेस्क्यू पाइंट भी तैयार किया गया। वन प्रबंधन समिति ने अपनी आय को बढ़ाने लोन लेकर मोटरबोट संचालन का भी कार्य शुरु किया। उस समय पार्किंग शुल्क वसूली की जिम्मेदारी भी वन समिति को सौंपी गई। दर्जनों स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने लगा।

इसी दौरान बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट, वाटर स्पोर्टस अस्तित्व में आया। आधुनिक हाउसबोट, जेस्की, स्पीडबोट क्रूज सहित कई एक्टिवेज ठेका में शुरु हुए। बड़े स्तर पर वाटर स्पोर्ट्स शुरु होने तथा राजनीतिक प्रभाव से वन प्रबंधन समिति द्वारा संचालित बोटिंग कार्य को बंद करा दिया गया। वहीं सिंचाई विभाग ने ठेका में पार्किंग शुल्क लेने लगा। इसी के साथ वन प्रबंधन समिति की आय घटने लगी। 4-5 स्थानीय लोगों को ही काम मिलने लगा। इससे समिति घाटे में चली गई और कर्ज पटाना मुश्किल हो गया।

वन प्रबंधन समिति मरादेव गंगरेल के अध्यक्ष कोमल साहू ने बताया कि अब समिति की हालत में सुधार है। पार्किंग शुल्क से हर माह 1.50 से 2 लाख रूपए की आय हो जाती है। पिकनिक पार्टी मनाने के लिए कुकिंग से प्रतिमाह 12 से 15 हजार, मानव वन प्रवेश शुल्क से हर माह 10 से 12 हजार तथा सत्कार सरोवर मचानहट से 8 से 10 हजार रुपए की आय होने लगी है। इससे समिति की 6 महिलाएं तथा 14 पुरूषों को रोजगार मिल रहा है। समिति कर्ज से उबरने लगी है। आगामी समय में समिति मानव वन में पर्यटकों के ठहरने के लिए हट तैयार करेगी।



### कलेक्टर दर पर मजदूरी देने की मांग

पार्किंग तथा हर्बल मानव वन में कार्यरत समिति के स्थानीय कर्मचारियों ने बताया कि यहां 20 लोगों को रोजगार मिल रहा है। प्रति व्यक्ति 200 रुपए रोजी है, जो परिवार के जीविकोपार्जन के लिए काफी कम है। उन्होंने मांग की है कि कम से कम 300 रुपए या कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक प्रदान किया जाए।



### रिसोर्ट, वाटर स्पोर्ट्स, गार्डन में मिल रहा रोजगार

वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि करीब 15 स्थानीय युवा वाटर स्पोर्ट्स में कार्यरत हैं। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के श्रीराय कहते हैं कि रिसोर्ट में गार्ड सहित अन्य कार्य के लिए करीब 10 युवा काम कर रहे हैं। ग्रीन एडवेंचर गार्डन के ओम निषाद बताते हैं कि दर्जनभर युवा गार्डन व्यवस्था, रेस्टोरेंट में काम कर रहे है। इनका कहना है कि जैसे-जैसे पर्यटन का विकास होगा, रोजगार के अवसर बढ़ते जाएंगे।

## इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर, भटा, कुंदरू, लौकी, पत्ता गोभी, तरोई और मूली 20 से 30 रु किलो बिका

# बाजार में आई हरी सब्जियों की बहार, ग्राहकों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सब्जी बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों की जबरदस्त आवक देखने को मिल रही है। खेतों से लगातार ताज़ी सब्जियां आने के कारण दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जो सब्जियां कुछ दिन पहले 80 से 100 रु किलो बिक रही थीं, वे अब 30 से 40 रुपए किलो में मिल रही हैं। वहीं टमाटर 20 रुपए किलो तक पहुंच गया है, जिससे ग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।

रविवार को शहर के इतवारी बाजार में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सब्जी की टोकरी और थैले लेकर लोग सस्ती दरों पर हरी सब्जियां खरीदते नजर आए। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि



पिछले कुछ दिनों में गांवों से आवक बढ़ने से दाम में तेजी से गिरावट आई है।

विक्रेता घासूराम सोनकर, केशव सोनकर और जयराम पटेल ने बताया कि रेट घटने के बाद बिक्री बढ़ गई है। ग्राहकों की भीड़ पहले से दोगुनी हो गई है और लोग अब थोक में खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस हफ्ते सब्जियों के दाम में सबसे ज्यादा गिरावट टमाटर, भाटा, कुंदरू और भिंडी में आई है। उन्होंने बताया कि टमाटर, भटा, कुंदरू, लौकी, पत्ता गोभी, तरोई और मूली 20 से 30 रु किलो, भिंडी, बरबटी, परवल और करेला 40 रु किलो, गाजर 50 रु किलो, ग्वारफली 70 से 80 किलो, जबकि नई फसल का कटहल 80 से 100 रुपए किलो तक बिका। हरा धनिया जो कुछ दिन पहले 300 रु किलो तक पहुंच गया था, अब मात्र 100 रु किलो में मिल रहा है। सहजन की फली 80 किलो में बिक रही है। खरीदार सीमा ठाकुर ने मुस्कुराते हुए कहा कि पिछले हफ्ते टमाटर और धनिया लेना भी मुश्किल हो गया था, अब दाम इतने कम हैं कि पूरा थैला भर लाए। वहीं स्टेशन रोड के राजेश साहू ने कहा कि पहले 200 रुपए में दो सब्जियां आती थीं, अब उतने में पांच-सात किलो सब्जी मिल रही है।

बाजार में चहल-पहल के बीच विक्रेताओं के चेहरे पर भी संतोष है। उनका कहना है कि सस्ते दाम से बिक्री में तेजी आई है और सब्जियां खराब होने से पहले ही बिक जा रही हैं। मौसम के अनुकूल रहने के कारण खेतों में लगातार पैदावार बढ़ी है और आपूर्ति सुचारू है, जिससे दामों में स्थिरता बनी हुई है।

व्यापारियों का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक बाजार में यही स्थिति बनी रह सकती है। जैसे ही आवक कम होगी, दाम फिर से बढ़ सकते हैं, लेकिन फिलहाल ग्राहकों को सस्ती और ताजी हरी सब्जियों का पूरा आनंद मिल रहा है।

### किराना सामानों के रेट स्थिर

किराना व्यापारी देव कुमार ने बताया कि इस सप्ताह आलू व प्याज 25 रुपए किलो, शक्कर 45 रुपए किलो, गुड़ 55 रुपए, हल्दी खड़ी 200 रुपए किलो, मिर्च खड़ी 180 रुपए किलो, धनिया 120 रुपए किलो, जीरा 250 रुपए किलो, काली मिर्च 780 रुपए किलो, लहसुन 90 रुपए किलो, रिफाइंड तेल पाउच 125 रुपए, सरसों खड़ी 85 रुपये, मेथी 80 रुपए किलो, राहर दार बेस्ट क्वालिटी 110 रुपए, मूंग दाल 110 रुपए, उड़द दाल 100 रुपए किलो, मसूर दाल 90 रुपए किलो, चना देसी 75 रुपए, काबुली चना 120 रुपए, मटर 60 रुपए किलो, चना दाल 80, पोहा 50, खड़ा मसूर 80 रुपए किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 80 रुपए दर्जन रहा।

### ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति की पूजा अर्चना की

**धमतरी**। ग्राम परेवाडीह में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर ग्राम के मुख्य द्वार के पास ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों व नवयुवकों ने छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना के लिए लिए चबूतरा निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। मौके पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बालमुकुंद साहू, सचिव रामनाथ साहू, सदस्य सुरेश साहू, लीलेश्वर साहू, युवराज साहू, गीताराम साहू, पोखन ध्रुव, रामकुमार साहू, जितेंद्र मुंडा, गजानंद साहू, शीतलेश साहू, अनीता साहू, खिलेश्वरी साहू, लता, योगेश्वरी, सगना बाई ध्रुव, खोरबाहरा राम, चित्रेश्वरी साहू, खोमेश साहू, मुकेश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लीलेश्वर साहू व आभार प्रकट गजानंद साहू ने किया।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969




## खबर संक्षेप

### सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन आज

**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर महासंघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में धमतरी जिले के समस्त 74 सहकारी समितियों में काम करने वाले दैनिक, नियमित कर्मचारी महासमुंद जिले के लोहिया चौक पर 3 नवंबर को अनिश्चित कालीन हड़ताल में शामिल होंगे। इसके चलते धमतरी जिले में धान पंजीयन, एग्री स्टेक, धान खरीदी की तैयारी, राशन वितरण, माइक्रो एटीएम समेत छग शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं ठप होंगी। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि गत वर्ष मुख्यमंत्री के आश्वासन एवं सचिवों के लिखित पत्रों का भी कोई असर नहीं रहा।

निर्माण के दौरान ही कार्य में अनियमियता, शासन-प्रशासन से शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं

# राजाडेरा जलाशय टूटा, आसपास के गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





क्षेत्र के किसान को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने करोड़ों की लागत से राजाडेरा जलाशय का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व किया गया। इस जलाशय के निर्माण के दौरान ही कार्य में अनियमियता की शिकायत हो रही थी। मगर इस ओर शासन- प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। आज करोड़ों रुपये की लागत से बना यह जलाशय लगभग 20 से 25 वर्ष में ही टूटने लगा। जलाशय का गेट निर्माण कार्य के कुछ ही वर्ष में क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें लीपापोती कर सुधार किया गया था। जबसे इस जलाशय का निर्माण हुआ है तब से वहां से पानी का रिसाव हो रहा है। इस रिसाव को बंद करने शासन-प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये गये लेकिन सुधार नहीं आ पाया।

रविवार को सुबह जलाशय के टेल एरिया के पास बांध टूट गया। जिससे बांध से लगे हुए नाले में बाढ़ की स्थिति आ गई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले बांध का उपरी भाग धंसा हुए प्रतीत हो रहा था मगर एकाएक बांध टूट जाएगा, ऐसा किसी को अंदेशा नहीं था।

इस मामले में एसडीओ रविन्द्र कुंजाम ने बताया कि इस वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण जलाशय में 32 फीट तक जल भराव हो गया था। 30 अक्टूबर को जलाशय का ऊपरी हिस्सा एक छोटे से छिद्र रूप में दिख रहा था। लगातार इसकी विभाग द्वारा निगरानी की जा रही थी। 2 दिन से लगातार 4 लोगों की ड्यूटी भी लगाई गई। रविवार को सुबह 7 बजे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर देखा तो यह छिद्र बड़ा रूप ले रहा था और नीचे की ओर धंस गया। जलाशय का बंड लगभग 20 से 25 फीट पानी के तेज बहाव में बह गया। जलाशय का जलस्तर लगभग 4 से 5 फीट नीचे चला गया। इसकी जानकारी उच्च अधिकारी को दी गई।

### सुरक्षा के लिए बांध पर पुलिस बल तैनात

राजाडेरा जलाशय के टूट जाने की खबर फैलने से आसपास के गांव के लोगों की भीड़ लग गई। बांध के पानी के तेज बहाव के कारण मिट्टी का कटाव हो रहा है जिससे बांध के और क्षतिग्रस्त होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। भीड़ को पुलिस जवानों द्वारा नजदीक नहीं जाने की चेतावनी दी जा रही है।

### फसल बचाने किसान चिंतित

राजाडेरा जलाशय के टूट जाने से बांध के नीचे बसे गांव बेलरदोना, कोरगांव, शुक्लाभाठा, आमाचानी सहित दर्जनों गांव के किसान चिंता जाहिर करते हुए कहा कि नाला के आसपास किसानों की धान फसल लगी हुई जो पूरी तरह पककर तैयार है। मौसम खराबी की वजह से फसल काटने में देर हो गई है। अगर नाला में बाढ़ आएगी तो हमारी फसल पानी में बह जाएगी।

# श्री श्याम जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

इस वर्ष भी कुरुद में श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा सुबह छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर से निकली जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सांधा चौक, संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, हुतात्मा चौक, पुराना बाजार चौक, थाना चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। यहां पर निशानधारी भक्तों ने जय श्री श्याम के जयकारे के साथ अपना निशान चढ़ाया। इस धार्मिक आयोजन में नगर के सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने भाग लिया। निशान यात्रा के श्री श्याम मंदिर पहुंचने के बाद आरती एवं 56 भोग प्रसाद लगाया गया।

कार्यक्रम में घनश्याम नवलानी, राजेंद्र अग्रवाल, महावीर गुप्ता, मोहन अग्रवाल, सुभाष केला, कन्हैया नवलानी, आलोक अग्रवाल, विजय केला, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, हरीश केला,मनीष अग्रवाल, अतुल केला, वैभव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# देवउठनी पर रचाया तुलसी और शालिग्राम का विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

देवउठनी एकादशी पर नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही नगर के चौक-चौराहों पर गन्ने की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर घर में गन्नों के मंडप सजाए गए थे और माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का पारंपरिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न किया गया। वहीं गन्नों की मांग इतनी अधिक रही कि बाजारों में खरीदारी के लिए भारी भीड़ देखी गई। बाहर से आए विक्रेताओं के कारण इस वर्ष गन्नों के दाम भी कुछ बढ़े हुए रहे। फुल साइज गन्ने 100 में तो वहीं मीडियम साइज के गन्ने 50 से 80 रूपए में बिकते नजर आए।

नगर की गलियों में छोटे-छोटे बच्चे पटाखे फोड़ते और खुशियां मनाते दिखाई दिए। पूरा वातावरण उल्लास, भक्ति और आनंद से सराबोर रहा। नगरवासियों ने अपने घर में गन्नों से सजे मंडप में विशेष पूजा-अर्चना और मंगल आरती की। परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए लोगों ने भक्ति भाव से माता तुलसी और शालिग्राम का विवाह रचाया वहीं बुजुर्गों के अनुसार तुलसी विवाह के दिन के पश्चात शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं।



चौक-चौराहों पर गन्ने की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ रही

# सरदार पटेल ने अनेक रियासत को एक कर देश को एकता के सूत्र में बांधा

- करेली बड़ी पुलिस चौकी में लौहपुरुष की जयंती मनाई गई
- चौकी प्रभारी ने छात्रों-नागरिकों को साइबर फ्राड, यातायात नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



पुलिस चौकी करेली बड़ी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पुलिस ने विभिन्न गलियों में बैनर लेकर सद्भावना मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। अतिथियों एवं पुलिसकर्मियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र में माल्यार्पण किया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान नेता थे, जिन्होंने अनेक रियासत के एकीकरण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोया। वह भारत के लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उसके जन्म दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरपंच खेमलता साहू ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे ने कहा कि आज समाज में एकता की जरूरत है। वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने छात्र छात्राओं एवं नागरिकों को कानून की जानकारी दी। साइबर फ्राड डिजिटल तौर पर तेजी से बढ़ रहा है। वीडियो कॉल, सामान्य काल के जरिये एटीएम पासवर्ड, आधार कार्ड नम्बर, खाता नम्बर एवं फोन पे के गोपनीय पासवर्ड की मांग करते हैं। लोग डरकर पासवर्ड बता देते हैं। इतना ही नहीं मोबाइल एप्स के जरिये लोगों के खाते से रकम खाली कर देते हैं। लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसी भी को गोपनीय पासवर्ड शेयर न करें। उन्होंने समाज में बढ़ रहे नशापान व यातायात नियमों के बारे में बताया।

इस मौके जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, अधिवक्ता छबि साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, कांशीराम साहू, चंद्रशेखर साहू, प्रीतराम देवांगन, विनीता साहू, मनोहर, कलीराम, नीलमणी, नरेश भारती, संतोष मांडे, साहू, हेमलाल साहू, भोजसाहू समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# संकुल केंद्र चर्रा के समन्वयक व शिक्षक हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संकुल केंद्र चर्रा विकासखंड कुरुद के शिक्षकों का ओपन लिंक फाउंडेशन (विनोबा) द्वारा जिला स्तर पर सम्मान किया गया। पुरस्कृत शिक्षकों में संकुल केंद्र चर्रा के समन्वयक विशेन्द्र तिवारी, प्राथमिक शाला चर्रा की प्रधानपाठिका तुलेश्वरी कंवर, सहायक शिक्षक खुमेश्वर साहू, प्रधानपाठक पवन साहू एवं मोंगरा की सहायक शिक्षिका रोहिणी साहू सम्मिलित थे। प्राथमिक शाला चर्रा को अनुशासन, पालकों की सक्रिय सहभागिता एवं नियमित गृहकार्य हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी देवेश सूर्यवंशी, एपीसी नंदकुमार साहू बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, ललित सिन्हा, बस्तर से अखिलेश मिश्रा डीएमसी उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षकों के नवाचार एवं कार्यों की प्रशंसा की।

# दिशाहीन युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़े : कृष्णाकांत



- साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण


हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर (सिंगल द्वीप) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कुरुद तहसील के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं चितरंजन साहू पूर्व उपाध्यक्ष छग साहू समाज की उपस्थिति में हुआ। अध्यक्ष प्रेमचंद साहू सहित उनकी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष ने कहा कि समाज सिर्फ रोटी बेटी तक न रहे बल्कि साहू समाज को एकता और सहयोग के बदौलत अनेक रचनात्मक कार्य करते हुए आगे बढ़ाएं। उन्होंने दिशाहीन हो रहे युवाओं को नशा छोड़ समाज के रचनात्मक कार्यों में भगीदारी निभाने प्रेरित करने की भी बात कही।

इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित सचिव दीपेश साहू, कोषाध्यक्ष चुरामन साहू उपाध्यक्ष केवल साहू, मनोज साहू, महिला उपाध्यक्ष कुलेश्वरी साहू, निर्मला साहू, संगठन सचिव लोकेश साहू, प्रीति साहू, सहसचिव प्रदीप सोनबेर, सुजीत कुमार, अंकेक्षक गुलापराम साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष त्रिवेणी साहू एवं वरिष्ठजनों सोमन, महेंद्र साहू, रिखीराम साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष बगौद, लक्ष्मण साहू, कामराय साहू, हेमराज साहू, अशोक साहू, शेखन, खिलेश्वर, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भुनेश्वर समेत परिक्षेत्र के ग्रामीण अध्यक्ष एवं सचिव, समाज सेवकगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

रात्रि में राग अनुराग कला मंच दुर्ग की हुई प्रस्तुति

# सांकरा में नंदी महाराज की हुई पुनः स्थापना



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

देवउठनी एकादशी और छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम सांकरा के शंकर चौक में भगवान भोलेनाथ के प्रिय वाहन नंदी महाराज की भव्य प्रतिमा की पुनः स्थापना विधि-विधानपूर्वक की गई। इस समारोह में श्रद्धा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। ज्ञात हो कि यह विशाल नंदी प्रतिमा पूर्व में स्व.महेश सिन्हा द्वारा नंदी चौक पर स्थापित कराई गई थी। अब उनके पुत्र हितेश सिन्हा द्वारा पुनः शंकर मंदिर के समीप शंकर चौक में स्थापित की गई है। इस पुनः स्थापना से पूरे क्षेत्र का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में दुर्ग की प्रसिद्ध राग अनुराग कला मंच की टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच में छत्तीसगढ़ी गीतों, नृत्य और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामवासियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक हितेश सिन्हा ने कहा कि यह नंदी महाराज की प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि हमारे श्रद्धा, संस्कार और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मेरे स्व. पिता महेश सिन्हा का सपना था कि सांकरा में एक ऐसा स्थान बने, जहां हर व्यक्ति आस्था और शांति का अनुभव करे। आज उनके आशीर्वाद से वह सपना साकार हुआ है। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एकता, परंपरा और संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्थल की साफ-सफाई, सजावट और स्वागत व्यवस्था में सहयोग किया। ग्रामवासियों ने बताया कि नंदी महाराज की प्रतिमा की पुनःस्थापना से पूरे गांव का वातावरण सकारात्मक और ऊर्जा से भर गया है।





# छात्रों को दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

- सरदार पटेल ने देश की अखंडता को एकता के सूत्र में पिरोया : बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)






शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूर्व प्राचार्य चैतराम साहू ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई, साथ ही देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाये रखने का संकल्प दिलाया। प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की अखंडता को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया है वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कहा कि राष्ट्रीय एकता हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति है और हमें सदैव जाति, धर्म, भाषा तथा प्रांत से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर व्याख्याता संतोष जगताप, नरेश कुमार, रविन्द्र बंधे, अनिल कुमार साहू, हरिश्चंद्र नेताम, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर समेत राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड, रेडक्रास के छात्र उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पेंशन भुगतान एवं जीपीएफ प्राधिकार पत्र मिला

**जगदलपुर।** अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को विदाई कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में 31 अक्टूबर को दी गई। 10 शासकीय सेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कलेक्टर हरिस एस ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र, जीपीएफ अंतिम भुगतान प्राधिकार पत्र और उपादान (ग्रेच्युटी) से संबंधित स्वत्वों के भुगतान आदेश प्रदान कर स्वस्थ-दीघार्यु एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कमलेश रायस्त और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान सेवकों ने भी सेवाकाल के अपने अनुभव साझा करते हुए पेंशन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के आभार माना।

### तेलंगाना में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिली शाबासी

**जगदलपुर।** सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर जिले के कयाकिंग खेल के खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस खिलाड़ियों ने हाल ही में तेलंगाना में ट्राइबल इंडियन नेशनल कयाकिंग और कनोयिंग खेल प्रतिस्पर्धा में ब्रांज मेडल हासिल किए थे। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर व खेल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

### सीएमएचओ के हस्तक्षेप से मरीज को इलाज की राशि वापस मिली



जगदलपुर। सीएमएचओ के हस्तक्षेप से ललिता को इलाज में खर्च की हुई राशि वापस मिली। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहार जायसवाल के विशेष सहायक द्वारा प्राप्त निर्देश उपरांत बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा पीड़ति तेली मारेगा मास्टर पारा निवासी 25 वर्षीय ललिता मौर्य के पैर में फ्रैक्चर बस्तर ओलंपिक के विकास खंड स्तरीय लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेते वक्त हो गया था, उन्हें परिजनों द्वारा विशेष इलाज हेतु मेकाज से लाकर एमपीएम अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और आयुष्मान कार्ड के जिला नोडल अधिकारी पृथ्वी साहू द्वारा मरीज से भेंटकर उनको दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। एमपीएम के प्रबंधन से बात कर आयुष्मान कार्ड प्रारंभ करवाया गया, जिसके उपरांत जिसमें उनके परिजनों द्वारा इलाज हेतु जमा की गई 6800 रूपए की राशि को वापस करवाई गई।

## निधन

### सुरेश गुप्ता



**धमतरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक चमेली चौक निवासी सुरेश गुप्ता (सुल्ली) 73 वर्ष का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। मिलनसार, सरल और हंसमुख स्वभाव के कारण वे नगर में अत्यंत लोकप्रिय रहे। समाजसेवा और सबके सुख-दुख में सहभागी रहने की उनकी भावना सदैव स्मरणीय रहेगी। वे अरुण गुप्ता एवं गोपाल गुप्ता के छोटे भाई, राजेंद्र गुप्ता तथा वरिष्ठ पत्रकार सुधीर गुप्ता के बड़े भाई और शुभम (अंकित) गुप्ता के पिता थे। उनके निधन से परिवार, मित्र मंडली और समाज में गहरा शोक व्याप्त है। अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान चमेली चौक से निकाली जाएगी।

राज्य की मातृशक्ति और सांस्कृतिक अस्मिता का अनोखा प्रतीक

# कुरुद में स्थापित है प्रदेश का पहला छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ को 25 साल पूरा हो गया। प्रदेशवासी रजत जयंती महोत्सव मना रहे हैं। इस उत्सव की सबसे बड़ी पहचान यह है कि कुरूद ने राज्य बनने से पहले जिस सपने को जीया था, आज वही सपना वास्तविक इतिहास बनकर चमक रहा है। यहां प्रदेश का पहला छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर स्थापित है जो राज्य की मातृशक्ति और सांस्कृतिक अस्मिता का अनोखा प्रतीक है।

कुरूद की पावन धरती प्रदेश की पहली भूमि है, जहां 5 फरवरी 1995 से 20 मार्च 1996 के मध्य छत्तीसगढ़ महतारी की प्राण-प्रतिष्ठा कर मातृभूमि को पहली सार्वजनिक प्रतिमा के रूप में सम्मान दिया गया। उस दौर में राज्य में आंदोलन अपने चरम पर था और आज वही स्मृति छत्तीसगढ़ी अस्मिता का गर्व पूर्ण प्रतीक है। मंदिर के पुजारी पं. महेश शर्मा व प्रबंधक सेवक राम के मुताबिक मूर्ति की स्थापना के बाद से नियमित रूप से आरती और पूजन हो रहा है। यहां चैत्र और शारदीय नवरात्रि में भव्य मेला लगता है, जहां हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

**धान की बाली और हसिया से पारंपरिक श्रृंगार**

मंदिर में विराजित छत्तीसगढ़ महतारी का श्रृंगार छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधान व गहनों से किया गया है। हाथ में धान की बालियां सजी हैं। फसल पकने के साथ ही माता को धान की बालियों का श्रृंगार किया जाता है। साथ ही सिर पर चांदी का मुकुट, छत्र, करधन, पायल, चूड़ी और हाथ में हंसिया धारण की हुई हैं, जो मातृशक्ति और कृषि प्रधान जीवनशैली का प्रतीक है।

**पूर्व विधायक श्री होरा ने कराया मंदिर का निर्माण**

सन 1995 में पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने कुरूद में छत्तीसगढ़ महतारी मन्दिर निर्माण का संकल्प लेकर 1996 में मंदिर का निर्माण कराया और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई तब से लेकर आज तक कुरूद के इस मंदिर में नवरात्रि में भक्तों का तांता लगता है।

**हूबहू प्रतिमा अब अन्य जगहों पर स्थापित**

मध्यप्रदेश शासन काल में बना यह मंदिर छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के बाद प्रसिद्ध हुआ, जिसकी हूबहू प्रतिमा पूर्ववर्ती सरकार ने हर जिला और अन्य जगहों पर स्थापित करवाई। आज छग प्रदेश में छत्तीसगढ़ महतारी के स्वरूप को यहां के लोग जान- पहचान रहे हैं, वह इसी मंदिर की प्रतिमा की परिकल्पना है।

# ग्रामवासियों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरुघासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सेलदीप में आयोजित हुआ। शिविर के द्वितीय दिवस सुबह शिविरार्थियों ने प्रभात फेरी निकलते हुए गांव का भ्रमण किया। ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षक, एकता के प्रति जागरूक किया। कैडेट तृष्णा साहू द्वारा शिविरार्थियों को योग अभ्यास कराया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव के मुख्य चौक, चौराहों, सड़कों, गलियों, नलियों, माध्यमिक विद्यालय परिसर की सफाई की गई।

द्वितीय सत्र में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सिविल हास्पिटल कुरूद के क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट डा. मनोजदास मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डा. दास ने नशा मुक्त समाज विषय पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि नशीले पदार्थ व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन को गहराई से प्रभावित करते हैं।

उन्होंने युवाओं को नशे के खतरे, उसके कारणों और उससे होने वाले दुष्परिणामों के विषय में समझाया। उन्होंने स्वस्थ आदतें, सकारात्मक जीवनशैली और जागरूकता विकसित करने की सलाह दी। शाम को शिविरार्थियों ने देसी खेल खेला। इस दौरान डा. फिरोज सोनवानी, पवन ताम्रकार, संस्कृति चंद्राकर एवं हिना चंद्राकर ने शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# हेलमेट वाहन चालकों को गुलाब फूल भेंटकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू के दिशा-निर्देश में 24 से 30 अक्टूबर तक यातायात सप्ताह अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने देवरी चौक पर आने-जाने वाले वाहन चालक जो हेलमेट लगाए थे, उन्हें गुलाब फूल देका सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई कि वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल से बात न करें, तीन सवारी न बैठें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। चौरास्ता में रूक कर आगे बढ़े। लाइसेंस बनाकर ही वाहन चलाए। इस अवसर पर मितव्ययिता दिवस पर लोगों से अपील की गई कि आमदनी में से कम से कम व्यय करके बचत करें जो भविष्य में बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और घर के सपने को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार, सुमीत कुमार, तन्मय, तारिणी, जागृति, झामेश्वरी, टमेश्वरी, लक्ष्मी, ओजस्वी, हिना, सोमिन ने सहभागिता प्रदान की।

# खरेंगा स्कूल के छात्रों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी







खरेंगा स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत एकता की शपथ के साथ हुई। सभी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर व्याख्याता पीएल सिन्हा और वीरेंद्र कुमार यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र, उनके योगदान और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एकजुट कर भारत की एकता की नींव रखी।

छात्र-छात्राओं ने एकता दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता दिवस की सार्थकता को जीवंत रखा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रतिभागियों ने भारत की लौह महिला इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल और इंदिरा गांधी दोनों ने अपने संघर्ष, अदम्य साहस और दूरदर्शिता से देश को एकता, सद्भावना और विकास के मार्ग पर अग्रसर किया। सरदार पटेल को जहां लौह पुरुष कहा जाता है, वहीं इंदिरा गांधी को उनके अद्भुत नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण लौह महिला का दर्जा दिया गया। सभी ने उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

# युकां ने किया छग महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रशासन पर अनदेखी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूरे छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। विडम्बना यह है कि कलेक्टर कार्यालय में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दोपहर तक कोई माल्यार्पण नहीं हुआ। युवा कांग्रेस जिला महासचिव गीतराम सिन्हा व युवाओं ने कलेक्टर कार्यालय जाकर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साय सरकार की मानसिकता को दर्शाता है। यह छत्तीसगढ़ के लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ है। लाखों खर्च करके राज्योत्सव मनाया जा रहा है पर जिला मुख्यालय में लगी छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी नहीं किया गया। यह निंदनीय है जिसका युवा कांग्रेस पुरजोर विरोध करता है। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, देवेन्द्र देवांगन, अविनाश मरोठे, सूरज पासवान, तोगु गुरूपंच समेत अनेक युवा मौजूद थे।

# गौरा-गौरी झांकी ने बटोरी खूब तालियां





■ गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में छग राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में रंगोली, चित्रकला एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भी सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य अंतर्गत सुवा नृत्य, कर्मा नृत्य, दरिया नृत्य, बस्तरिया नृत्य ने खूब वाहवाही लूटी। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर दीपावली की ईश्वर गौरा गौरी झांकी ने खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता योगेश्वर साहू ने कहा कि गुरुकुल विद्यासागर स्कूल की शिक्षण पद्धति भारतीय संस्कृति पर आधारित है। राजस्थान बॉर्डर से दीपावली त्योहार मनाने अपने गृह ग्राम रत्नाबांधा धमतरी आए सीमा सुरक्षा बल के जवान कोमल कुमार साहू ने कहा कि जीवन में अनुशासन ही हर व्यक्ति की उन्नति का द्वार खोलता है। विद्यालय के संचालक विनोद कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। संस्था के प्रधानपाठक भारतलाल साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मंच संचालन शिक्षिका झामिन साहू ने किया।

# जिले में परीक्षा के बोझ तले दबे विद्यार्थी और शिक्षक

■ टीचर्स एसोसिएशन ने जताई कड़ी आपत्ति, अध्ययन-अध्यापन के लिए समय देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. भूषण लाल चंद्राकार, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा, जिला महिला प्रमुख बी. यदु एवं ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी गेवाराम नेताम ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले में मिशन अव्वल कार्यक्रम के तहत अत्यधिक परीक्षाओं के कारण विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही भारी दबाव में हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह कक्षा 10वीं, 12वीं सहित सभी कक्षाओं में मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। एक माह में तीन दिन परीक्षा, तीन दिन मूल्यांकन और एक दिन विनोबा ऐप में जानकारी भरने में लग जाता है, जिससे लगभग एक सप्ताह का अध्ययन-अध्यापन प्रभावित होता है। साथ ही, कोर्स पूर्ण न होने के बावजूद प्रश्नपत्र तैयार होने से विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

एसोसिएशन ने बताया कि नवंबर में दो बार मासिक परीक्षा एवं दिसंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा तय की गई है, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। संगठन ने पूर्व में सुझाव दिया था कि मासिक परीक्षा हर दो माह में एक बार ली जाए और बड़ी परीक्षाएं कोर्स पूर्ण होने के बाद ही कराई जाएं, परंतु अधिकारियों की मनमानी से समस्या जस की तस बनी हुई है। संगठन के पदाधिकारी बलराम तारम, रामदयाल साहू, डॉ. गणेश प्रसाद साहू, नंदकुमार साहू, तीरथराज अटल, नारद राम बघेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने मांग की है कि अत्यधिक परीक्षाओं को स्थगित कर शिक्षकों को अध्ययन-अध्यापन हेतु पर्याप्त समय दिया जाए, जिससे शैक्षिक गुणवत्ता और परीक्षा परिणाम में सुधार संभव हो सके।

# गौ संवर्धन केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दायित्व भी है : रंजना

■ आशा गौ सेवा केन्द्र डांगीमाचा में मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम डांगीमाचा स्थित आशा गौ सेवा केन्द्र गौशाला में गुरुवार को गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू उपस्थित रहीं। श्रीमती साहू ने गौशाला पहुंचकर गौमाता की पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के साथ आरती में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, कृषि और अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था सदैव गौ आधारित रही है, इसलिए गौ संवर्धन केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दायित्व भी है।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि हमारी संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, यह केवल धार्मिक प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और मानवता के बीच संतुलन की प्रतीक है। गौसेवा से आत्मिक शांति, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण तीनों का मार्ग प्रशस्त होता है।

आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार गौसंरक्षण और ग्रामीण विकास को समर्पित है। श्रीमती साहू ने गौशाला संचालिका श्रीमती गोदावरी साहू के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की। भाजपा जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर ने कहा कि गौसेवा हमारे संस्कार और संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। भाजपा सरकार गौ संवर्धन और संरक्षण हेतु कई योजनाएं चला रही है। रांवा मंडल भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष भेष कुमार साहू ने कहा कि गौसेवा से व्यक्ति का चरित्र और समाज की चेतना दोनों मजबूत होती है।

# लौहपुरुष के व्यक्तित्व से अगवत हुए छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य डॉ.अश्वनी ध्रुव के मार्गदर्शन एवं आईक्यूएसी एवं रासेयो इकाई, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास विभाग के संयोजन में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शैलेश पाण्डेय डीएसपी नगरी एवं विशिष्ट अतिथि विपिन रंगारी सीएसपी नगरी, चक्रधर बाघ टीआई नगरी, श्री ताम्रकार टीआई सिहावा ने छात्र-छात्राओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल लौहपुरुष के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अगवत कराया। डिजिटल क्राइम से संबंधित जानकारी दी। विपिन रंगारी सीएसपी नगरी ने नशे के दुष्प्रभाव एवं साइबर अपराध के बारे में बताया। डॉ. अश्वनी ध्रुव प्रभारी प्राचार्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक प्रो.हितेशानंद ठाकुर ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी प्रभारी प्रो. मोहित कुमार व आभार प्रदर्शन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष के प्रो. आरआर मेहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टेक पंजीयन की अवधि बढ़ी, भाजपा सरकार का किसान हितैषी कदम : प्रीतेश

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी में सुगमता तथा



पारदर्शिता लाने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें तकनीकी खामियों के चलते अनेक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया। इस समस्या को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने कृषि एवं सहकारिता मंत्री तथा संबंधित अधिकारियों को किसान हित में पंजीयन की अवधि को बढ़ाने की मांग की थी। इस पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 31 अक्टूबर तक होने वाले पंजीयन की मियाद को 30 नवंबर तक बढ़ाने का आदेश दिया गया है। इसका स्वागत करते हुए प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय किसान हित में सार्थक एवं स्वागत योग्य कदम है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त किया है।

### शराब जब्त, राजापुर का कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** दूध नदी स्टाप डेम कांकेर के किनारे में एक व्यक्ति बाजारू थैला में देशी प्लेन शराब रखकर अवैध रूप से देशी शराब बिक्री कर रहा है कि जानकारी मुखबिर ने पुलिस को दिया। पुलिस छापामार कार्यवाही करने 2 नवंबर को दोपहर 2 बजें मौके पर पहुंची जहां एक व्यक्ति अपने कब्जे में लाल काला रंग का थैला में कुछ रखकर इधर उधर घूम रहा था। पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। राजापारा कांकेर निवासी 40 वर्षीय शत्रुघन चौरसिया पिता स्व. नारायण चौरसिया के कब्जे से 10 पौवा देशी शोले प्लेन शराब जिसकी कीमत 800 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### रैली-घेराव के बाद पुलिस ने छग क्रांति सेना के प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

# अराध्य देव पर टिप्पणी से सिंधी समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिंधी समाज के अराध्य देव के प्रति सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने प्रदेशभर में उबाल ला दिया। रविवार को धमतरी शहर में सिंधी समाज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। नारेबाजी और रैली के बीच समाज के लोगों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी कोतवाली का घेराव किया। पुलिस की चुप्पी पर जब समाज ने 10 मिनट का अल्टीमेटम दिया, तो प्रशासन को झुकना पड़ा और दो मिनट में ही एफआईआर दर्ज की।

सुबह से ही शहर का माहौल गर्म था। सिंधी समाज ने विरोध स्वरूप अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। सुबह 11 बजे घड़ी चौक पर समाज के महिला-पुरुष और युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में बैनर और पोस्टर लिए लोग नारे लगाते हुए अराध्य देव के सम्मान में आगे बढ़े। रैली घड़ी चौक से सदर बाजार होते हुए सिटी कोतवाली तक पहुंची, जहां समाज के नेताओं ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा और तत्काल एफआईआर की मांग की।

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि 27 अक्टूबर को अमित बघेल ने सोशल मीडिया पर जिस तरह की टिप्पणी की है, उसने न केवल सिंधी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, बल्कि यह जातीय सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास है।

सभा को संबोधित करते हुए नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, महेश रोहरा, चेतन हिन्दूजा सहित कई वक्ताओं ने कहा कि सिंधी समाज का इतिहास त्याग, सेवा और बलिदान का प्रतीक है। देश के बंटवारे के समय सब कुछ खोकर भी समाज ने राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दिया। ऐसे समाज के अराध्य देव पर की गई अभद्र



टिप्पणी अस्वीकार्य है।

शुरुआत में पुलिस अधिकारियों ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि रायपुर में पहले ही एफआईआर दर्ज है। इस पर समाज के लोगों ने कड़ा रुख अपनाया और 10 मिनट का अल्टीमेटम दे दिया। भीड़ के बढ़ते दबाव और नाराजगी को देखते हुए सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी और टीआई राजेश मरई ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और आखिरकार धमतरी में भी एफआईआर दर्ज करने का निर्णय लिया।

जैसे ही पुलिस ने एफआईआर



दर्ज की, समाज के लोगों ने राहत की सांस ली। भीड़ ने जय झूलेलाल के जयघोष के साथ अपनी एकजुटता दिखाई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। शहर के अधिकांश बाजार बंद रहे और माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण लेकिन आक्रोश से भरा रहा।

आंदोलन में प्रमुख रूप से चंद्रकुमार जसवानी, बंटी वाधवानी, राजा रोहरा, कैलाश कुकरेजा, गौतम वाधवानी, जय हिन्दूजा, प्रकाश वाशानी, अर्जुन जसवानी, राहुल बख्तानी, योगेश जसूजा, नितेश वाधवानी, हेमंत वाधवानी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एफआईआर दर्ज होने के बाद समाज के नेताओं ने कहा कि यह न्याय की दिशा में पहला कदम है, लेकिन जब तक आरोपी पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार मामले को जीरो में दर्ज कर संबंधित थाना को प्रेषित कर दिया गया है।

## कांग्रेसियों ने मनाया स्थापना दिवस का जश्न



- छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार की शाम नगर के मकई चौक में कांग्रेसजनों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, रजत जसूजा, योगेश लाल, दीपक सोनकर, नरेंद्र सोनवानी, हितेश गंगवीर, शास्त्री सोनवानी, कन्हैया सोनी, गोपाल प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, देवेन्द्र आजमानी, हरमिंदर छाबड़ा, योगेश बाबर, विशु देवांगन, अजय वर्मा, राकेश मौर्या, देवेन्द्र देवांगन, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, सबीना खान, गणेश्वरी कामड़े, अविनाश मरोठे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव

- पुराना मंडी परिसर से श्याम मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री श्याम मंदिर में खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव उत्साह और श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ नजर आई। धमतरी श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस आयोजन में पूरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर से श्याम मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने हाथों में ध्वज लेकर हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा का जयघोष किया। यात्रा के दौरान मंदिर की ओर बढ़ते श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया।



मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया और बाबा को फूलों से सजाकर छप्पन भोग अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना और भजन संध्या में भक्तों ने रातभर भाग लिया। रात में मंदिर प्रांगण में आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर श्री श्याम रसोई में प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जन्मोत्सव का आयोजन कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यानी देवउठनी एकादशी को किया गया। भक्तों ने बाबा श्याम को गुलाब के फूल और इत्र अर्पित किए, जो उन्हें विशेष प्रिय हैं।

धमतरी में यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी बनता है। जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति ने मंदिर परिसर को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।


धमतरी में श्री श्याम मंदिर का यह उत्सव हर साल इसी भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।



### भोथली में हुआ तुलसी विवाह का आयोजन

**धमतरी।** ग्राम भोथली (बलियारा) में तुलसी विवाह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। ग्रामीण धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि यह पर्व माता तुलसी और भगवान विष्णु के पवित्र मिलन व भगवान विष्णु के चार माह के शयनकाल के बाद जागरण का प्रतीक है। तुलसी विवाह कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पारंपरिक विधि-विधान से इस रस्म को निभाया।

## सिर्फ नेताओं के आगमन पर सुधर रहे रास्ते : विशु





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष सत्येन्द्र देवांगन ने कहा है कि राज्योत्सव की तैयारियों के नाम पर प्रशासन की वास्तविकता एक बार फिर उजागर हो गई है। महीनों से जिन सड़कों पर क्षेत्र की आम जनता धूल, गड्ढों और कीचड़ से परेशान थी, उन्हीं सड़कों को अब अचानक सुधारने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है क्योंकि अब उन मार्गों से नेताओं के काफिले गुजरने वाले हैं।

श्री देवांगन ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने बार-बार सड़क मरम्मत की मांग की, परंतु प्रशासन ने कभी ध्यान नहीं दिया।

जनता की शिकायतें महीनों तक अनसुनी रहीं, लोग रोज दुर्घटनाओं और असुविधाओं से जूझते रहे। लेकिन जैसे ही राज्योत्सव कार्यक्रम में माननीय नेताओं के आगमन की खबर आई, उसी सड़क पर मशीनें दौड़ पड़ीं, गड्ढे भरे जाने लगे और दिखावे के कार्यों की बाढ़ सी आ गई। श्री देवांगन ने कहा कि आज यह सवाल उठता है कि क्या सड़कें सिर्फ नेताओं के लिए सुधारी जाएंगी। क्या जनता को तब तक धूल और कीचड़ में चलना होगा जब तक कोई विशेष अतिथि उस मार्ग से न गुजरे। यह रवैया जनता के साथ सीधा अन्याय है।

## शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रहित

- विहंगम योग संत समाज ने विज्ञानदेव महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर, सम्मान समारोह रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवर पूज्य विज्ञानदेव महाराज के जन्मोत्सव पर जिला सत्संग केंद्र पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूज्य महाराज का जन्म 28 अक्टूबर 1979 को सद्गुरु आचार्य स्वतन्त्रदेव महाराज की छत्र-छाया में हुआ। बाल्यकाल से ही उन्होंने ब्रह्मविद्या के प्रचार में विशेष रुचि दिखाई और आज वे विहंगम योग के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में अग्रणी हैं। उनके जन्मदिन को संत समाज में रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विहंगम योग संत समाज धमतरी द्वारा रक्तदान शिविर, सत्संग, पत्रकारों का सम्मान समारोह एवं भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्वेत ध्वजारोहण से हुआ। तत्पश्चात स्वागत गान, मंगलगान, गुरु सुकृत प्रार्थना, चरण





स्वागत, स्वर्वेद पाठ, भजन और सत्संग हुआ।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू और विशेष अतिथि कोमल यादव उपाध्यक्ष व कीर्तन मीनपाल जनपद सदस्य रहे। कार्यक्रम में अतिथियों और पत्रकारों का सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान हुआ, जो समाज सेवा और मानवता की प्रेरक मिसाल बनी।

कार्यक्रम में जिला संयोजक बेदराम साहू, डॉ. बीएल साहू, टिकेश्वर साहू, नारायण सिंह साहू, महेंद्र साहू, संजय साहू, रामगोपाल चक्रधारी, दुर्योधन साहू, उमेश साहू, कल्याणी बघेल, महालक्ष्मी बघेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज ने स्वर्वेद महाग्रंथ को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया है। उनके प्रयास से आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक जीवन-मूल्यों का विकास और मानवता की सेवा को नई दिशा मिली है।

## सोरिद बस्ती में गृह संपर्क अभियान चलेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष पूरा कर रहा है, जिसे लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। सोरिद बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में व्यवसायी और सामाजिक बंधु शामिल हुए। कार्यक्रम में गृह संपर्क अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और स्वयंसेवकों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर घनश्याम साहू राजिम विभाग सह कार्यवाह, महेश शर्मा धमतरी नगर सह संघचालक ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद और डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यवसायी प्रभात शाखा सोरिद के स्वयंसेवक शामिल हुए। सभी लोगों ने संघ के शताब्दी वर्ष और गृह संपर्क अभियान के लिए अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। इस आयोजन से सोरिद बस्ती में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

## बच्चों ने बनाई अयोध्या के रामलला की तस्वीर




**धमतरी।** शारदा कुंभकार 12 वर्ष और भूमन्यु कुंभकार 10 वर्ष द्वारा नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा आयोजित चमकारी प्रतियोगिता में अयोध्या के रामलला की सुंदर तस्वीर बनाई गई है।

### विनोबा एप ने किया कन्या स्कूल की प्रधानपाठिका का सम्मान

**धमतरी।** प्राथमिक शाला कन्या आमदी की प्रधानपाठिका श्रीमती



तृप्तिरानी मंडावी को विनोबा एप ने जिलास्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया। यह सम्मान बच्चों के रचनात्मक लेखन कौशल के क्षेत्र में अभिनव कार्य करने पर दिया गया। हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित शिक्षण उत्सव कार्यक्रम में श्रीमती मंडावी को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, पालकगण और शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020